दिनांक 22 जनवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

नगर निगम का कार्यकाल रहा ऐतिहासिक , निगम की बेहतर कार्यप्रणाली से हर कुछ सीखने मिला , निगम और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ- पूर्व महापौर देवेंद्र यादव

भिलाई नगर/ नगर निगम में 5 वर्ष का कार्यकाल मेरे लिए ऐतिहासिक रहा! निगम की बेहतर कार्यप्रणाली से सब कुछ सीखने मिला! इस दौरान निगम प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद एवं समन्वय स्थापित हुआ! यह बातें पूर्व महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने निगम द्वारा आयोजित किए गए विदाई समारोह में कही! विदाई समारोह में पूर्व महापौर , पूर्व अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, पूर्व एमआईसी सदस्य एवं समस्त पूर्व पार्षदों को आमंत्रित किया गया था! निगम सभागार में आयोजित विदाई समारोह में सभी का गुलाल एवं पुष्पगुच्छ , पुष्प हार से स्वागत किया गया! पूर्व पार्षदों ने कहा कि पहली बार निगम ने विदाई समारोह का आयोजन भव्य तरीके से किया है! कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी निगम ने अपनेपन का रिश्ता कायम रखा है! सभी ने विदाई समारोह के आयोजन के लिए आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी को धन्यवाद ज्ञापित किया! और कहा कि एक ऊर्जावान और कुशल नेतृत्व क्षमता के प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के साथ कार्य करने का अवसर मिला! पूर्व महापौर ने कहा कि इसी नेतृत्व क्षमता के चलते भिलाई में काफी विकास हुए हैं! निगम प्रशासन की ओर से आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारियों के साथ मिलकर श्री यादव को स्मृति चिन्ह भेंट किया!

विदाई समारोह में पूर्व महापौर श्री देवेंद्र यादव ने कहा कि पहले कर्मचारियों के विदाई समारोह में सम्मिलित होते थे आज यह अवसर हमारे लिए आया है! परंतु निगम से जो रिश्ता हमारा कायम हुआ है

जनसंपर्क अधिकारी